राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

नई सोच, नई पहल

# जगमार्ग



कुमारी सैलजा..10



प्रियंका गांधी ने...03

www.jagmarg.com | वैशाख मॉस, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी तिथि, मूल नक्षत्र,चंद्रमा धनु राशि में, विक्रमी सम्वत 2081 | हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़ और दिल्ली से प्रसारित | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 3 रुपए | वर्ष:12 | अंक: 74 | कुरुक्षेत्र। रविवार, 28 अप्रैल, 2024

# कांग्रेस जनता को बरगला कर हासिल करना चाहती है वोट: नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने कसा तंज: देश पर 40 साल कांग्रेस ने किया राज, गरीब हटी नहीं, बल्कि ज्यादा बड़ी

**जगमार्ग ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस का काम झूठ बोलना, लोगों को बरगलाकर वोट हासिल करना है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को इन चुनावों में कांग्रेस के झूठ से सचेत रहना है। सीएम ने दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर देश में विकास की गति और तेज होगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर अरविंद शर्मा के समर्थन में बादली विधानसभा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के संयोजन में हुई इस रैली में राजीव जैन, कैप्टन भूपेंद्र, दिनेश घिलोड़ समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मंच पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 10 सालों में किसान की खुशहाली के लिए काम हुए हैं। युवाओं के रोजगार और युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य हुआ है। महिलाओं को सशक्त करने का काम हुआ है और देश को मजबूत करने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले और बाद के भारत में अंतर साफ नजर आता है। इन 10 सालों में देश ने विकास की नई ऊंचाइयां को छूने का काम किया है।





> सीएम ने दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर देश में विकास की गति और तेज होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में ऐसे लोग हैं, जिन्हें खेती के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। कांग्रेस के युवराज ने कहा था कि वह आलू से सोना बनाने की तकनीक लेकर आ रहे हैं और हरियाणा के युवराज ने तो लोकसभा के अंदर यहां तक कह दिया था कि हरियाणा के किसान 2 से 3 फीट तक का आलू पैदा करता है। राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल ने कहा कि उनकी सरकार आने पर एक घंटे में देश से गरीबी खत्म कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीधा पूछा कि ऐसा कौन सा अल्लादीन का चिराग युवराज को मिल गया है, जिसको रगड़ने से देश की गरीबी मिट जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1970 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद देश में 35 से 40 साल तक इन लोगों का शासन रहा, लेकिन गरीबी नहीं मिटी, बल्कि गरीबी और ज्यादा बढ़ती चली गई।

### लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी हटाने की बात यदि नरेंद्र मोदी करते हैं तो उसमें दम नजर आता है, क्योंकि सरकार ने गरीबों के लिए ऐसी योजना बनाई है, जिससे देश से गरीबी खत्म हो जाएगी। सरकार की इन्हीं नीतियों के कारण देश से 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल पाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चार करोड़ मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाकर गरीबों को दिए। उनके घरों में रसोई गैस और चूल्हा देने का काम किया। हर महीने राशन दिया जा रहा है और हर घर में नल से जल देने का काम किया।

### गीता सार



**अध्याय-05**

जिनका मन तद्रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तद्रूप हो रही है और सच्चिदानन्दघन परमात्मा में ही जिनकी निरंत एकीभाव से स्थिति है, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञान के द्वारा पापरहित होकर अपुनरावृत्ति को अर्थात परमगति को प्राप्त होते हैं।





### आईपीएल पहला मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु — गुजरात टाइटन्स
शाम 3 .30 से

### आईपीएल दूसरा मैच

चेन्नई सुपर किंग्स — सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7.30 से

# कांग्रेस नीत गठबंधन की योजना पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने की : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधा

**एजेंसी**

**कोल्हापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सत्ता में आने की स्थिति में पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने पर विचार कर रहा है। मोदी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक चुनावी रैली में कहा कि विपक्षी गठबंधन तीन अंकों के आंकड़े या सरकार बनाने के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच सकता, लेकिन अगर उसे मौका मिला तो उसकी योजना हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने की है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री का पद 2.5 साल के बाद उपमुख्यमंत्री को सौंपने की योजना बनाई है। उसके पास छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी यह व्यवस्था थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है, जिसमें मुसलमानों को ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की कसम खा रखी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस तुष्टीकरण और



वोट बैंक की राजनीति के लिए इतना नीचे गिर गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान को बदलना चाहती है और धर्म आधारित आरक्षण के लिए दलितों, ओबीसी से आरक्षण का लाभ छीनना चाहती है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया, बल्कि इसकी प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी अस्वीकार कर दिया। संपत्ति बंटवारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, ''कांग्रेस के शहजादे आपकी संपत्ति तलाश कर उन लोगों को बांटना चाहते हैं, जिनका पार्टी ने देश के संसाधनों पर पहला हक बताया था।'

## वंचितों का आरक्षण छीनना चाहती है भाजपा कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी: राहुल गांधी

> कहा, संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह खड़ी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेताओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबियों के बयानों से स्पष्ट हो गया है कि उनका मकसद संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह करने और दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करने का है।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य है- संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना और दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना।'राहुल गांधी ने कहा कि संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए



कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।उनका कहना है, ''जब तक कांग्रेस है - वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती।' कांग्रेस और उसके शीर्ष नेता इस लोकसभा चुनाव में लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के प्रयास में है। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने हाल में कई चुनावी जनसभाओं में आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस एससी, एसटी एवं ओबीसी के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है।

# सीआरपीएफ के दो जवानों की उग्रवादियों के हमले में मौत

> मणिपुर में सुरक्षा बलों के शिविर पर किया हमला



**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही। उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा।'उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। सरकार कोकराझार जिले और सैनी बांकुरा जिले के मूल निवासी थे।





### एक नजर

#### कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्वल निकम को भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उतारा



**मुंबई।** भाजपा ने मशहूर वकील उज्वल निकम को मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उम्मीदवार बनाया है। निकम 26/11 मुंबई हमले के पाकिस्तान के आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिला चुके हैं। निकम 1992 के मुंबई ब्लास्ट मामले में भी सरकारी वकील थे। भाजपा ने 2019 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से भाजपा नेता दिवंगत प्रमोद महाजन की बेटी पूनम को टिकट दिया था।

#### अमेरिका में दुर्घटना में तीन भारतीय महिलाओं की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य दक्षिण कैरोलिना में एक सड़क दुर्घटना में कथित तौर पर तीन भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। मीडिया में आई खबरों के अनुसार यह हादसा तब हुआ, जब चालक ने तेज रफ्तार कार पर नियंत्रण खो दिया और वह हवा में लगभग 20 फुट उछलकर पेड़ों से टकरा गई। दुर्घटना शुक्रवार की दोपहर लेकसाइड रोड के निकट इंटरस्टेट 85 से लगे स्टॉन्टन ब्रिज रोड पर हुई।

#### सलमान मामले में अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी



**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर इस महीने की गई गोलीबारी के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को भी हिरासत में ले सकती है, जो इस समय गुजरात की साबरमती जेल में बंद है।

## ममता हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय संतुलन बिगड़ने से गिरीं



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शनिवार दोपहर को पश्चिम बर्द्धमान जिले के दुर्गापुर में एक हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ीं। जब यह घटना हुई तब वह एक चुनावी रैली के लिए कुल्टी जा रही थीं। ममता के साथ मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर में बैठते वक्त संतुलन बिगड़ गया जिससे वह गिर गयीं। वह ठीक हैं।' इस घटना के बाद ममता कुल्टी गईं और उन्होंने आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया।

### केजरीवाल ने न्यायालय से कहा

## ईडी ने आबकारी नीति मामले में मनमाने तरीके से काम किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 'बेहद मनमाने तरीके' से काम किया।

मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। आप के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे। केजरीवाल ने कहा कि ईडी



ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।'केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में 'साफ झूठ' उजागर हो जाएगा।

## केंद्र ने छह देशों को 99,150 टन प्याज निर्यात की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद छह देशों को 99,150 टन प्याज भेजने की अनुमति दी है। केंद्र ने पश्चिम एशिया और कुछ यूरोपीय देशों



के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2,000 टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है। सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने छह देशों - बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।

### ताकत | पुलिस के पास भी होगी एनएसजी, मार्कोस कमांडो वाली हाईटेक गन

# अब भारत को छोटे हथियार बेचेगा जर्मनी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने भारत को छोटे हथियार बेचने पर लगी रोक हटा दी है। यह कदम दोनों देशों के बीच रणनीतिक और सैन्य संबंध मजबूत होने का संकेत माना जा रहा है।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहले, जर्मनी गैर-नाटो देशों को छोटे हथियार बेचने पर रोक लगाता था। लेकिन, अब भारत को एक अपवाद के तौर पर छूट दे दी है। इसका मतलब है कि अब जर्मनी से भारत की सेना और राज्य पुलिस को छोटे हथियार मिल सकेंगे।



दूतावास से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जर्मनी ने इस महीने की शुरुआत में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को उनकी एमपीजेड सबमशीन गन के लिए अतिरिक्त पुर्जे और सामान खरीदने की अनुमति दे दी है। जर्मन कंपनी हेकलर एंड कोच ही एमपीजेड सबमशीन गन बनाती है, जो अभी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और नौसेना के मार्कोस कमांडो इस्तेमाल करते हैं। सूत्रों के मुताबिक, जर्मनी ने हाल ही में अपने हथियार निर्यात के नियमों को भी आसान बना दिया है। पिछले महीने भारत की कई डिमांड को मंजूर किया है। पहले भी, छोटे हथियारों के अलावा, 95 प्रतिशत भारतीय डिमांड मंजूर हो जाते थे, लेकिन प्रक्रिया में बहुत समय लगता था। इसी वजह से जर्मनी ने अब नियमों को आसान बनाया है।

### रणनीतिक साझेदार बनकर उभर रहे दोनों देश

भारत और जर्मनी के आपसी संबंध मजबूत हो रहे हैं और दोनों देश रणनीतिक साझेदार बनकर उभर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच सहयोग कई क्षेत्रों में बढ़ रहा है, खासकर अंतरराष्ट्रीय जल में जहाजों के स्वतंत्र आवागमन की आजादी, रास्ते के अधिकार और समुद्री कानून से जुड़े अन्य अधिकारों को लेकर। ये अधिकार संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों पर आधारित हैं। साथ ही, दोनों देशों की विदेश नीति के लक्ष्य भी काफी हद तक मिलते-जुलते हैं।

